संख्या-16/2024/ 736329/001-23-7-2024-23-10099-099-2-2024

प्रेषक,

अभिषेक गंगवार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता बजट-क वर्ग,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ-दिनांक 06 सितंबर, 2024

विषय- जनपद गाजीपुर में धमरांव मंझरिया के बीच मंगई नदी पर लघु सेतु एवं पहुँच मार्ग पर निर्माण कार्य हेतु व्ययवर्तित धनराशि का आंवटन डिक्रीटल मद से किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (सेतु विंग), उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्रांक-1486/सामान्य-सेतु-31/2024-25, दिनांक 09.05.2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ कि आपके उपर्युक्त पत्र दवारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव/आख्या पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल, रिट याचिका सी संख्या-29918/2023 मेसर्स परीक्षित निर्माणक कान्ट्रेक्टर सकलेनाबाद बनाम उ0प्र0 राज्य एवं 03 अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 12.12.2023 के क्रम में धनराशि रू0 1,14,39000.00 (एक करोड़ चौदह लाख उनतालिस हजार) का आवंटन डिक्रीटल मद से किये जाने की एतददवारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

1- सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारियों/ अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, गाजीपुर द्वारा अंतिम रूप से भुगतान करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि किसी अन्य योजना/मद से धनराशि का भुगतान पूर्व में याची को नहीं हुआ है।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 1,14,39,000 (रुपये एक करोड़ चौदह लाख उनतालीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखा शीर्षक 5054808000301 न्यायालयों की डिक्री की धनराशियों के भुगतान हेतु व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (भारित) के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक-04-मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभिषेक गंगवार)
अनु सचिव।

संख्या-16/2024/736329/001-23-7-2024-23-10099-099-2-2024, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी, गाजीपुर।
3- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0 लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, गाजीपुर।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1/2), लोक निर्माण उ0प्र0 लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, वाराणसी।
8- अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, जौनपुर।
9- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीतय खण्डत, लोक निर्माण विभाग, गाजीपुर।
10-वित्त(व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन।
11-लोक निर्माण अनुभाग-10, उ0प्र0 शासन।
12-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभिषेक गंगवार)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।